देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 193 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 7 सितंबर 2019

**विचार–प्रवाह...**निवेश का माहौल तो बने



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 23.0°

36981.77

2 करतारपुर पर पाकिस्तान की नई चाल

7 टेस्ट क्रिकेट में स्टीव स्मिथ हैं बेस्ट



**स्पेस साइंस की दुनिया में भारत एक ऐतिहासिक सफलता हासिल करने से कुछ ही कदम दूर है। भारत का महत्वाकांक्षी स्पेस मिशन चंद्रयान 2 के चांद पर कदम रखने में कुछ घंटे बाकी हैं। पूरे देश के साथ ही दुनिया की नजर भी भारत के स्पेसक्राफ्ट पर टिकी हैं। शुक्रवार देर रात अगर चंद्रयान 2 का लैंडर विक्रम चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने में कामयाब रहा तो ऐसा करने वाला भारत दुनिया का चौथा देश बन जाएगा।**



# चांद पर भारत का करिश्मा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। जैसे–जैसे चंद्रयान–2 के लैंडर विक्रम के चांद की सतह पर कदम रखने का पल करीब आता जा रहा है, देश के साथ पूरी दुनिया की सांसें थमी हैं। हालांकि, लोगों के उत्सुकता को गौरव और खुशी में बदलने का जिम्मा जिन हाथों में है, वे इन पलों के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बेंगलुरु के इसरो टेलमिट्री, ट्रैकिंग ऐंड कमांड नेटवर्क सेंटर में इस मिशन से जुड़े वैज्ञानिक चंद्रयान के एक–एक कदम पर नजर रख रहे हैं।

**सब कुछ सामान्य:** चंद्रयान की लैंडिंग शुक्रवार देर रात 1:30–2:30 के बीच में होनी तय है। लैंडर अभी चांद की कक्षा में है। लैंडिंग से पहले इसरो के वैज्ञानिकों की धड़कनें भी बढ़ी हुई हैं और इसरो सेंटर में हलचल तेज होती जा रही है। इस बीच इसरो के चीफ के सिवन ने बताया है कि मिशन चंद्रयान योजना के मुताबिक ही आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जानकारी दी है कि चंद्रयान के लैंडिंग की प्रक्रिया बिल्कुल सामान्य गति से चल रही है।

गौरतलब है कि चांद की कक्षा से बाहर निकलने के बाद करीब 15 मिनट में लैंडर सतह पर पहुंचेगा। दो क्रेटर्स के बीच इसरो ने लैंडिंग साइट तय की है। वहां लैंड करने के बाद लैंडर के अंदर से रोवर निकलेगा और चांद पर प्रयोग शुरू करेगा। लैंडर और रोवर से अलग हो चुका ऑर्बिटर पहले ही चांद का चक्कर काट रहा है। सतह से 100 मीटर की दूरी से ही विक्रम लैंडिंग साइट को लेकर आखिरी फैसला करेगा। इसरो ने पहले ही साउथ पोल पर एक प्राइमरी और एक सेकंडरी साइट चुन रखी हैं।

## भारत का चंद्रयान–2 चांद की सतह पर उतरेगा



### फिर बाहर आएगा रोवर

एक बार सॉफ्ट लैंडिंग होने के बाद शनिवार तड़के 5:30– 6:30 बजे के बीच रोवर प्रज्ञान 1 सेंटीमीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से लैंडर से बाहर निकलेगा और शुरू हो जाएंगे चांद पर वैज्ञानिक प्रयोग। ऑर्बिटर इस दौरान चांद की कक्षा में घूमता रहेगा और विक्रम अपनी जगह साउथ पोल पर ही बना रहेगा। सॉफ्ट लैंडिंग सफलता से करना इसलिए जरूरी है क्योंकि चंद्रयान 2 के रोवर के अंदर रीसर्च से जुड़े जरूरी उपकरण मौजूद हैं। इतिहास पर नजर डालें तो सॉफ्ट लैंडिंग के सिर्फ 37 प्रतिशत प्रयास अभी तक सफल हुए हैं।

### साउथ पोल पर सफलतापूर्वक उतारना सबसे बड़ी चुनौती

इसरो वैज्ञानिकों के अनुसार चंद्रयान–2 का सफर जैसे–जैसे खत्म हो रहा है, कंट्रोल रूम में मौजूद वैज्ञानिकों की धड़कने बढ़ती जा रही हैं। इसरो अध्यक्ष के. सिवन के अनुसार कंट्रोल रूम में वैज्ञानिकों की टीम पूरी एक्यूरेसी से काम कर रही है। चंद्रयान–2 को चंद्रमा के साउथ पोल पर सफलतापूर्वक उतारना सबसे बड़ी चुनौती है। एक छोटी सी चूक पूरे मिशन को खत्म कर सकती है। उन्होंने कहा, जब हम सब कुछ सही पाएंगे तो चंद्रयान–2 को चांद पर उतारने की प्रक्रिया शुरू होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### शेहला पर राष्ट्रद्रोह का केस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सेना के खिलाफ झूठी खबर फैलाने के लिए आरोप में जेएनयू स्टूडेंट और ऐक्टिविस्ट शेहला रशीद पर शुक्रवार को देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कहा कि 3 सितंबर को एफआईआर दर्ज की गई और शेहला की गिरफ्तारी की मांग करने वाले सुप्रीम कोर्ट के वकील आलोक श्रीवास्तव की शिकायत पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया।

### अलका लांबा ने छोड़ी 'आप'

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी से मुलाकात के कुछ दिनों बाद आप की असंतुष्ट विधायक अलका लांबा ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने यह इस्तीफा ट्विटर पर दिया। उससे पहले उन्होंने लिखा कि आप की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का समय आ गया है।

# चंद्रयान पर भी सियासत!

## केंद्र सरकार पर ममता बनर्जी ने साधा निशाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। चंद घंटों बाद ही भारत अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में इतिहास रचने वाला है। चंद्रयान–2 चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला है। अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत चांद पर यान उतारने वाला चौथा देश बनने जा रहा है। वैज्ञानिकों के साथ–साथ पूरा देश उस ऐतिहासिक पल का बेसब्री से इंतजार कर रहा है लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी देश के मून मिशन को सियासत में घसीट रही हैं। ममता ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार देश की बदहाल अर्थव्यवस्था से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए चंद्रयान–2 का इस्तेमाल कर रही है।

चंद्रमा पर चंद्रयान–2 की लैंडिंग से कुछ वक्त पहले पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना की है। ममता बनर्जी ने अपने एक भाषण में कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार चंद्रयान मिशन का प्रचार कुछ ऐसे कर रही है, जैसे कि इससे पहले भारत ने किसी स्पेस मिशन का संचालन ना किया हो।

**ऐसा जताया जा रहा है जैसे चंद्रयान पहले कभी लॉन्च ही न हुआ हो:** शुक्रवार को कोलकाता स्थित राज्य विधानसभा में अपने संबोधन के दौरान ममता ने कहा कि केंद्र सरकार चंद्रयान मिशन का प्रचार इस तरह कर रही है जैसे कि देश में पहली बार चंद्रयान लॉन्च हुआ हो और नरेंद्र मोदी के सरकार में आने से पूर्व ऐसे मिशन कभी भी शुरू ना हुए हों। असल मामले में चंद्रयान–2 एक ऐसा मिशन है, जिसका इस्तेमाल देश में चल रही आर्थिक बदहाली की खबरों को छिपाने के लिए किया जा रहा है।

आईएनएक्स मीडिया करप्शन केस में पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम की गिरफ्तारी और जेल जाने पर ममता ने कहा कि इस मामले में कानून अपना काम करेगा लेकिन बीजेपी सरकार को उनके प्रति कुछ तो सम्मान दिखाना चाहिए था।



### चंद्रयान–2 का इस्तेमाल कर रही है सरकार: ममता

ममता ने कहा कि देश में उपजे आर्थिक संकट को छिपाने के लिए केंद्र सरकार चंद्रयान–2 के अभियान का इस्तेमाल कर रही है। मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए ममता ने कहा, लोकतंत्र के सभी स्तंभ मीडिया, न्यायपालिका केंद्र के दिशानिर्देशों पर चल रहे हैं।

### राजनीतिक प्रतिशोध की बजाय इकॉनमी पर ध्यान दे केंद्र

नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजंस को लेकर एक प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान ममता ने मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि असम में एनआरसी लिस्ट से असली भारतीयों के नामों को बाहर कर दिया गया है। उन्होंने दावा किया कि उनकी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बात हुई थी और उन्होंने भी कहा है कि वह एनआरसी को इजाजत नहीं देंगे। मैं डॉक्टर मनमोहन सिंह के शब्दों का इस्तेमाल करूंगी– राजनीतिक बदले के बजाय इकॉनमी पर ध्यान दें।

# दुनिया देखेगी हमारे वैज्ञानिकों का दम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चंद्रयान–2 के चांद की सतह पर उतरकर इतिहास बनाने में अब कुछ ही घंटे बाकी हैं। वैज्ञानिकों के साथ सभी की नजरें इस ऐतिहासिक पल को देखने के लिए बेताब हैं।

पीएम मोदी ने भी देशवासियों से अपील की है कि वे इस करिश्मे के साक्षी बनें और इस खास पल के फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करें। उन्होंने ट्वीट करके कहा, 130 करोड़ देशवासी इस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कुछ ही घंटों में चंद्रयान चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव को छुएगा। भारत और पूरी दुनिया इन वैज्ञानिकों के करिश्मा देखेगी।

बता दें कि लैंडर विक्रम की लैंडिंग के दौरान पीएम मोदी भी इसरो सेंटर में मौजूद रहेंगे।

### यह दृश्य देखने के लिए बेहद उत्साहित: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा, भारत के इस ऐतिहासिक अंतरिक्ष कार्यक्रम को देखने के लिए मैं बहुत उत्साहित हूं और खुशी है कि मैं बेंगलुरु के इसरो सेंटर में मौजूद रहूंगा। उन्होंने कहा, जिन युवाओं के साथ मैं इस शेष पल का साक्षी बनूंगा उन्होंने इसरो की क्विज जीती है और बेहद प्रतिभाशाली हैं। इस क्विज में बड़ी संख्या में युवाओं का भाग लेना दिखाता है कि युवाओं को विज्ञान और अंतरिक्ष में बेहद रुचि है। यह एक अच्छा संकेत है।

# केजरीवाल को सुको की फटकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में महिलाओं को मेट्रो में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने की दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी योजना शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट की आलोचना का निशाना बनी। कोर्ट ने इस तरह की मुफ्त यात्रा और रियायत देने पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को घाटा हो सकता है। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार को जनता के पैसे से इस तरह की मुफ्त रेवड़ियां देने से गुरेज करना चाहिए और साथ ही उसे चेतावनी दी कि वह उसे ऐसा करने से रोक सकती है क्योंकि कोर्ट अधिकारविहीन नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जून महीने में कहा था कि उनकी सरकार राजधानी में मेट्रो और बस में महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने पर विचार कर रही है और उसकी योजना दो तीन महीने के भीतर इसे लागू करने की है।

### मेट्रो को बर्बाद क्यों करना चाहते है आप: सुको

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in